# स्टर्लिंग होटल में आज विभिन्न कार्यक्रम

भवाली। नैनीताल रोड स्थित स्टर्लिंग होटल में मदर्स डे के अवसर पर आज यानी रविवार को विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सैफ विपिन किमोठी ने बताया कि वह इस अवसर पर स्वयं होटल में आई मदर्स को पहाड़ी व्यंजन बनाना सिखाएंगे।

डिप्टी मैनेजर कुंदन सिजवाली, मैनेजर राजेंद्र बिष्ट ने बताया कि पहली बार मदर्स डे पर होटल में इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि गायन, लेखन, व्यंजन प्रतियोगिताएं भी रखी गई हैं।

# अनोखे और यादगार तरीके से मनाया गया मदर्स डे

भास्कर समाचार सेवा

## • स्टर्लिंग रिसार्ट ने मातृ दिवस पर किया विशेष आयोजन

**मसूरी।** स्टर्लिंग रिसॉर्ट मसूरी ने मातृ दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें मसूरी घूमने आने वाले पर्यटकों ने इसे यादगार बनाया व अपनी मां के साथ प्यार व सुकून भरा दिन दून घाटी की शांत सुंदरता के बीच मनाया।

इस मौके पर रिजार्ट की ओर से शेफ चॉइस मेनू, रोमांचक उपहार व रैफल ड्रा, माताओं के लिए विशेष शेफ कुकिंग क्लास के साथ पूरे परिवार के लिए मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया।

स्टर्लिंग मसूरी ने मदर्स डे को अनोखे और यादगार तरीके से मनाया गया। जिसमें रिज़ॉर्ट में आयी सभी माताओं को कार्यक्रम समर्पित किया गया। जिसमें उनके अटूट समर्पण और प्यार का सम्मान किया गया। कार्यक्रम, पूरे दिन चला व विभिन्न मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया।

इस मौके पर माताओं को आराम करने और अपने प्रियजनों के साथ यादगार यादें बनाने के लिए विशेष स्थान को डिज़ाइन किया गया। दिन भर की गतिविधियों में शेफ चॉइस मेनू, रैफ़ल ड्रा का आयोजन भी किया गया व माताओं के लिए रोमांचक उपहार दिए गये। मातृ दिवस को खास बनाने के लिए, दोपहर में माताओं के लिए शेफ कुकिंग क्लास आयोजित की गई ताकि नई पाक कौशल सीख सकें।

# मदर्स डे पर आज होंगे कार्यक्रम

शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** स्टर्लिंग होटल जोखिया में रविवार को मदर डे के मौके पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे जिसमें हंसी



मजाक स्वादिष्ट भोजन और लाड प्यार भरा माहौल होगा। जानकारी देते हुए होटल के सहायक प्रबंधक कुंदन सीजवाली ने बताया इस वर्ष हमारे द्वारा होटल में ठहरे अतिथियों के लिए व्यंजन विधि बनाने का आयोजन किया जा रहा है जिसमें माता को हमारे होटल के मुख्य सैफ विपिन केमोटी द्वारा पहाड़ी व्यंजन बनाने की विधि सिकाई जाएगी साथ ही थीमरू रेड एंड व्हाइट गतिविधियों में शामिल हैं जिसमें स्लोगन राइटिंग, वन-मिनट विन कम्पटीशन, सिंगिंग कम्पटीशन, कुकरी क्लास, डम्ब शरेड नाईट मल्टी क्विजीन मेनू, लंच और डिनर, सभी स्वादों के अनुरूप व्यंजनों की रेंज, विशेष स्पा डील: एक अरोमाथेरेपी सत्र खरीदें, एक फ्रूट फेशियल मुफ्त पाएं। उन्होंने बताया माताए रोज अपने बच्चों के लिए टिफिन बनाने पड़ते हैं। रोज टिफिन में बनाकर क्या देना है उसके बारे में भी उनका मेनू कार्ड इस आयोजन के द्वारा सिखाया और बताया जाएगा और सभी माता को पहाड़ी व्यंजन बनाने की विधि बनाने के साथ-साथ प्रतियोगिता भी कराई जाएगी जो माता द्वारा अच्छा व्यंजन बनाया गया होगा उसको पुरस्कृत किया जाएगा इसके अतिरिक्त बच्चों माता के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम भी रखे गए हैं जिसमें कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे कार्यक्रम रविवार को प्रात: 11 बजे से प्रारंभ किया जाएगा और शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस मौके पर अनुराग अग्रवाल, राजेंद्र बिष्ट उपस्थित रहे।

# स्टर्लिंग नैनीताल ने उत्सव से मनाया मातृ दिवस



**नैनीताल।** स्टर्लिंग नैनीताल ने मातृ दिवस को उत्सव के रूप में मनाया। यहां माताओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं, हंसी-मजाक के साथ ही स्वादिष्ट कुमाऊंनी व्यजंन का आनंद लिया। स्लोगन राइटिंग, वन-मिनट विन कम्पटीशन, सिंगिंग कम्पटीशन, कुकरी क्लास, डम्ब शरेड नाइट आदि गतिविधियां हुई। इस मौके पर सहायक प्रबंधक कुंदन सिजवाली, विपिन केमोटी और राजेंद्र बिष्ट आदि रहे। संवाद

# मातृ दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**मसूरी।** पर्यटन नगरी में मातृ दिवस पर कार्यक्रम आयोजित हुआ। मसूरी घूमने आए पर्यटकों ने स्टर्लिंग रिसॉर्ट में मातृ दिवस को यादगार बनाया। इस मौके पर रिजार्ट की ओर से शेफ चॉइस मेनू, रोमांचक उपहार व रैफल ड्रा, माताओं के लिए विशेष शेफ कुकिंग क्लास के साथ पूरे परिवार के लिए मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम पूरे दिन चला व विभिन्न मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया। मातृ दिवस को खास बनाने के लिए, दोपहर में माताओं के लिए शेफ कुकिंग क्लास आयोजित की गई ताकि नई पाक कौशल सीख सकें।

# नैनीताल स्टर्लिंग में धूम धाम से मनाया जाएगा मदर्स डे



भवाली। नैनीताल रोड स्थित स्टर्लिंग होटल में मदर्स डे के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। सैफ विपिन किमोठी होटल में आई मदर्स को पहाड़ी व्यंजन व कुमाउँनी लाल भात, आलू जखिया, मडुवे की लापसी, हरु सलाद बनाना सिखाएंगे। गायन लेखन, कुकिंग, पहाड़ी व्यंजन बनाना सिखाएंगे। डिप्टी मैनेजर कुंदन सिजवाली, मैनेजर राजेन्द्र बिष्ट ने पत्रकार वार्ता कर बताया कि पहली बार मदर्स डे में होटल द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। गायन प्रतियोगिता, लेखन प्रतियोगिता, व्यंजन प्रतियोगिता की जाएगी।

होटल में रुकी मदर्स कार्यक्रम में हिस्सा ले सकेंगी। कहा कि विजेता मदर्स को पुरस्कृत किया जाएगा।

# माताओं को सिखाएंगे पहाड़ी व्यंजन बनाने का तरीका

## • स्टर्लिंग होटल जोखिया में मदर्स डे पर आयोजित होंगे कार्यक्रम

भास्कर समाचार सेवा



पत्रकार वार्ता के दौरान स्टर्लिंग होटल जोखिया के महाप्रबंधक।

**नैनीताल।** स्टर्लिंग होटल जोखिया में रविवार को मदर्स डे के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिसमें हंसी मजाक, स्वादिष्ट भोजन और लाड प्यार भरा माहौल होगा। जानकारी देते हुए होटल के महाप्रबंधक कुंदन सिजवाली ने बताया कि इस वर्ष होटल में ठहरे अतिथियों के लिए व्यंजन विधि बनाने का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें माताओं को मुख्य सैफ विपिन केमोटी द्वारा पहाड़ी व्यंजन बनाने की विधि सिखाई जाएगी।

साथ ही रेड एंड व्हाइट थीम गतिविधियों में शामिल हैं। इनमें स्लोगन राइटिंग, वन-मिनट विन कंपीटीशन, सिंगिंग कंपीटीशन, कुकरी क्लास, मल्टीक्वीजीन मेनू, लंच और डिनर आदि का इंतजाम है। उन्होंने बताया कि माताओं को रोज अपने बच्चों के लिए टिफिन बनाने पड़ते हैं। रोज टिफिन में बनाकर क्या देना है, उसके बारे में भी उनका मेनू कार्ड इस आयोजन द्वारा सिखाया जाएगा। और सभी माता को पहाड़ी व्यंजन बनाने की विधि बनाने के साथ-साथ प्रतियोगिता भी कराई जाएगी। जिस मां द्वारा अच्छा व्यंजन बनाया गया होगा, उसे पुरस्कृत किया जाएगा। इसके अतिरिक्त बच्चों माता के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम भी रखे गए हैं जिसमें कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे कार्यक्रम रविवार को प्रातः 11:00 बजे से प्रारंभ किया जाएगा और शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस मौके पर अनुराग अग्रवाल, राजेंद्र बिष्ट मौजूद थे।